मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-274
26/04/2026

# प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के लाइव प्रसारण में शामिल हुये मुख्यमंत्री, जनता के साथ किया संवाद

मुख्य बिन्दु–

- ब्लॉक, अंचल एवं थाना को मॉनिटर करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से एक व्यवस्था सुनिश्चित होगी।

- जनता की समस्याओं का समाधान आसानी से हो, इसके लिए प्रत्येक माह में दो दिन पंचायतों में कैंप लगाया जाएगा। यह सहयोग कार्यक्रम के तहत संचालित होगा।

- एक माह से अधिक समय तक फाइल रोककर रखनेवाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- हमारा लक्ष्य है कि नवंबर माह तक बिहार में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो सके। यहां बड़ी संख्या में फैक्ट्री स्थापित हो सके।

- मुंगेर से भागलपुर तक मरीन ड्राइव बनाया जा रहा है। गंगा नदी का पानी रोकने की दिशा में भी कार्य सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि यहां के लोगों को बाढ़ से मुक्ति मिल सके।

- सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। यहां कई झीलें और डैम हैं जिनमें गंगा नदी का पानी संग्रहित किया जा रहा है जिससे आसानी से जलापूर्ति हो सके।

- मुझे सूचना मिली है कि तारापुर स्थित मेरे घर की सीढ़ी तोड़ने का काम प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। इसका आशय स्पष्ट है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए किसी भी प्रकार का स्ट्रक्चर को ध्वस्त किया जाएगा। अतिक्रमित भूमि को हर हाल में मुक्त कराई जाएगी।

- जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा तब तक बिहार मजबूत नहीं होगा। भारत विकसित हो और बिहार समृद्ध हो, जनता की यही अपेक्षा है।

पटना, 26 अप्रैल 2026 :– मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी आज मुंगेर जिला के असरगंज प्रखंड स्थित ग्राम बैजलपुर के काली मंदिर परिसर में आयोजित प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के लाइव प्रसारण में शामिल हुए।

मुख्यमंत्री की शपथ लेने के बाद पहली बार मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी अपने गृह जिला पहुंचे। आकाशवाणी पर प्रसारित 'मन की बात' के 133वें संस्करण के लाइव प्रसारण कार्यक्रम के अवसर पर संवाद कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 'मन की बात' कार्यक्रम में शामिल होने आया हूं। पहली बार यहां के लोगों ने मुझे विधायक बनाया और सौभाग्य से मैं पहली ही बार बिहार का मुख्यमंत्री बन गया। उन्होंने कहा कि जिस इलाके में मेरा जन्म हुआ वहां मुख्यमंत्री के रूप में मुझे सेवा करने का अवसर मिला है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने मुझे मुख्यमंत्री बनाने का काम किया है। यह मेरे लिए एक चुनौती है। यह एक एहसास है कि बिहार को और आगे बढ़ाकर समृद्धि की ओर ले जाना है। आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने विकसित भारत का सपना देखा है और इस दिशा में लगातार काम किये जा रहे हैं। आज उन्होंने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम के 133वें संस्करण में यह जिक्र किया कि दुनिया को शांति का संदेश भगवान बुद्ध ने दिया हैं, जिन्हें बिहार के बोधगया में ही ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उन्होंने इस बात की भी चर्चा की कि चौर क्षेत्र में दूर देश के चिड़िया आकर खेतों में बचे फसलों के अनाज ले जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार के लोगों तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना एवं आसानी से सरकारी सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। इसके लिए हमने ब्लॉक, अंचल एवं थाना को मॉनिटर करने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय से एक व्यवस्था सुनिश्चित करने का एक निर्देश दिया है। आपकी समस्याओं का समाधान आसानी से हो, इसके लिए प्रत्येक माह में दो दिन पंचायतों में कैंप लगाया जाएगा। यह सहयोग कार्यक्रम के तहत संचालित होगा। उन्होंने कहा कि एक माह से अधिक समय तक फाइल रोककर रखनेवाले अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हमारी कोशिश है कि आपके घर तक मूलभूत सुविधाएं एवं सरकार की सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सके, यही हमारी कोशिश है। पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने लगातार 20 वर्षों तक बिहार में सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने की हर संभव कोशिश की है। लड़कियों को स्कूलों तक पहुंचाने के लिए उनके द्वारा कई प्रकार की योजनाएं संचालित की गई। महिलाओं को उद्योग–धंधों से जोड़ने के लिए

भी बिहार में काफी काम किया गया है। इसे और आगे बढ़ाना है। हमलोगों ने जब घरेलू बिहार के सभी उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री देने का निर्णय लिया जिस पर करीब 20 हजार करोड़ रुपये का खर्च आ रहा था। उस समय ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इतनी बड़ी धनराशि कहां से आएगी लेकिन सरकार के दृढ संकल्प से यह काम सफल रहा। उस समय श्री नीतीश कुमार जी मुख्यमंत्री थे और मैं वित्त मंत्री था। बिहार में वित्त की कोई कमी नहीं है। विकास के सभी काम पूरे किए जायेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में सड़कों का चौड़ीकरण, नए सड़कों का निर्माण, रेलवे ट्रैक का विस्तारीकरण, शिक्षा–स्वास्थ्य में सुधार आदि विकास कार्य तेजी से हो रहा है। हमलोगों ने पहाड़ों के सौंदर्यीकरण का काम भी शुरू किया है। आज यहां ढोल पहाड़ी, असरगंज (मुंगेर) में ईको पर्यटन कार्य का शिलान्यास किया गया है और आज ही से काम भी शुरू हो जाएगा। इस ढोल पहाड़ी पर हमारे वीर सैनिक अंग्रेजों से लोहा लेने के लिए अपना शिविर बनाए थे। यहां उच्चेश्वर नाथ धाम, देवघरा, टेटियाबंबर (मुंगेर) में ईको पर्यटन विकसित करने के लिए 26 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। यहां पांडवों ने भगवान शिव का आशीर्वाद लिया था। उन्होंने कहा कि इस इलाके को 4 लेन सड़क से जोड़ा जा रहा है। अब यहां के लोग 4 लेन सड़क से सीधे सुल्तानगंज पहुंचेंगे, उन्हें असरगंज जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। भारत सरकार द्वारा संचालित योजना के माध्यम से तारापुर आई0टी0आई0 में 1 हजार विद्यार्थियों को स्किल्ड करने की व्यवस्था की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आपके अधूरे सपने को पूरा करने आए हैं। मुंगेर से भागलपुर तक मरीन ड्राइव बनाया जा रहा है। गंगा नदी का पानी रोकने की दिशा में भी कार्य सुनिश्चित की जा रही है ताकि यहां के लोगों को बाढ़ से मुक्ति मिल सके। सिंचाई सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। यहां कई झीलें और डैम हैं जिनमें गंगा नदी का पानी संग्रहित किया जा रहा है जिससे आसानी से जलापूर्ति हो सके। उन्होंने कहा कि जब तक किसान समृद्ध नहीं होगा तब तक बिहार मजबूत नहीं होगा। मुझे सूचना मिली है कि तारापुर स्थित मेरे घर की सीढ़ी तोड़ने का काम प्रशासन के द्वारा किया जा रहा है। इसका आशय स्पष्ट है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए किसी भी प्रकार का स्ट्रक्चर को ध्वस्त किया जाएगा। अतिक्रमित भूमि को हर हाल में मुक्त कराई जाएगी। भारत विकसित हो और बिहार समृद्ध हो, जनता की यही अपेक्षा है। हमारा लक्ष्य है कि नवंबर माह तक बिहार में 5 लाख करोड़ रुपये का निवेश हो सके। इस दिशा में प्रयास जारी है। बिहार में बड़ी संख्या में फैक्ट्री स्थापित हो सके, इस दिशा में काम आगे बढ़ रहा है। पीरपैंती थर्मल पावर प्लांट, नवीनगर थर्मल पावर प्लांट आदि में 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपये का निवेश शुरू किया गया है। हमलोग ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं कि बिहार के बिजली उपभोक्ता सरकार पर निर्भर नहीं रहे। इसके लिए लोगों के घरों के छतों पर सोलर प्लेट लगाए जायेंगे, जिससे उन्हें 150 यूनिट बिजली उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि असरगंज में महाविद्यालय बना है। यहां के लोगों की इच्छा है कि यहां खेल मैदान भी बने, इसके लिए सरकारी जमीन चिन्हित की जाएगी। सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं होने पर सरकार जमीन खरीदकर खेल मैदान बनाएगी। इस इलाके से कोलकाता एक्सप्रेस–वे गुजर रहा है। जब इसका काम पूर्ण हो जाएगा तब लोग 5 से 6 घंटे में कोलकाता आसानी पहुंच सकेंगे। तारापुर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने हमें प्रचंड बहुमत से जिताया है, इसके लिए मैं उनका ऋणी हूं। आजादी के बाद तारापुर विधानसभा क्षेत्र से सबसे ज्यादा वोटों से यहां के लोगों ने हमें जीत दिलाई है। मैं आश्वस्त करता हूं कि आपके अधूरे सपने को पूरा करूंगा। लोकतंत्र में मेरा भरोसा है। बिहार के लोगों ने एन0डी0ए0 को 202 सीट देकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और श्री नीतीश कुमार जी के प्रति अपना भरोसा जताया है। बिहार को और सुंदर तथा समृद्ध बनाने का काम तारापुर का बेटा करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तारापुर विधानसभा क्षेत्र के किसी न किसी पंचायत में मेरे आने का कार्यक्रम चलता रहेगा। यहां उद्योग स्थापित हो, यह भी सुनिश्चित किया जायेगा। अच्छी नौकरी करने के लिए लोग बिहार से बाहर जायें लेकिन मजबूरी में रोजगार के लिए किसी को बाहर नहीं जाना पड़े, हम ऐसी व्यवस्था बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिन महिलाओं को उद्योग करने हेतु राशि अब तक नहीं मिली है वे यथाशीघ्र अपना आवेदन करें। मई माह में शेष महिलाओं को राशि प्रदान की जाएगी। मैं तारापुर, संग्रामपुर, असरगंज सहित पूरे बिहार वासियों को धन्यवाद देता हूं कि आपने प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' को सुना। भारत विकसित हो, इसी कल्पना को लेकर हम सब आगे बढ़ेंगे।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नेताओं, जिला प्रशासन एवं स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री क़ो अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंटकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक श्री कुमार प्रणय, पूर्व विधायक श्री राजीव सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अरुण पोद्दार, प्रखंड प्रमुख श्रीमती नुतन कुमारी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पुलिस महानिदेशक, ऑपरेशन श्री कुंदन कृष्णन, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप–महानिरीक्षक श्री राकेश कुमार, जिलाधिकारी श्री निखिल धनराज निप्पनिकर, पुलिस अधीक्षक श्री सैयद इमरान मसूद सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

******